हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून 2025

तापमान
अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

10 समाधान शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों ..




11 पुलिस लाइन में एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल का दिया ...



## खबर संक्षेप

### मदवि में सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीसीए तथा बीटीटीएम चार वर्षीय एनईपी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 जून से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि डेटशीट एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आज

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में 7 जून को कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि आगामी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत एमडीयू में 7 जून को योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एफडीसी लॉन में सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एएनसी स्टाफ प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि नजदीक बाबा शिखर वाला चौक के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अंकित उर्फ़ चावरिया निवासी महम के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले 20 तक

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए आगामी 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इच्छुक विद्यार्थी इस दौरान नजदीकी राजकीय आईटीआई में आकर हेल्पडेस्क पर दाखिले के लिए निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं तथा संस्थान में उपलब्ध व्यवसायों में दाखिला ले सकते है। जिला के हसनगढ़ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, एमएईई, एमएमवी व आरएसी सहित 19 व्यवसाय उपलब्ध है। विद्यार्थी इन व्यवसायों में दाखिला ले सकते है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीणों को दिलाया भरोसा

# दिल्ली हिसार नेशनल हाईवे पर भैणी महाराजपुर गांव में बनेगा फ्लाई ओवर

- वाहन चालकों व यात्रियों का समय बचेगा, ग्रामीणों को दुर्घटनाओं से मिलेगी निजात
- गांव के बीच से गुजरते हैं दिल्ली हिसार जाने वाले वाहन
- हिसार जाते समय भैणी महाराजपुर गांव में रुके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर भैणी महाराजपुर गांव में फ्लाई ओवर बनाया जाएगा। यहां फ्लाई ओवर बनने से ग्रामीणों को दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी वहीं वाहन चालकों और यात्रियों का समय बचेगा। क्योंकि इस गांव में एनएचएआई द्वारा बाइपास नहीं बनाया गया है। बाइपास न बनने से वाहन गांव के बीच से गुजरते हैं। जिस कारण उनका समय और धन दोनों बर्बाद हो रहा है। वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार जाते समय इस गांव में रुके थे। इस दौरान भैणी भैरों गांव के पूर्व सरपंच रोहतास पहलवान के नेतृत्व में कई ग्रामीण उनसे मिले थे। ग्रामीणों ने सीएम से कहा था कि यहां पर आए दिन हादसे होते हैं, गांव में हाइवे पर फ्लाई ऑवर बनाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यहां पर फ्लाई ओवर जरूर बनाया जाएगा।



**महम।** हलका महम के भैणी महाराजपुर गांव में मुख्यमंत्री को हुक्का भेंट करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों ने सीएम को हुक्का भेंट किया

प्रदेश के मुख्यमंत्री होते हुए वे आम जनता से इस तरह मिलते हैं, यह उनका बड़प्पन है। प्रदेश को ऐसे ही नेताओं की जरूरत है। इस दौरान ग्रामीणों ने उनको हुक्का भी भेंट किया। मुख्यमंत्री दूध के पैसे देने लगे तो ग्रामीणों व दुकानदार ने हाथ जोड़कर पैसे लेने से इंकार कर दिया। भैणी महाराजपुर गांव के पूर्व सरपंच शैलेंद्र धत्तरवाल ने कहा कि उनकी सरकार से इस गांव को काफी फायदा मिला है। गांव के 50 युवाओं को रोजगार मिला है। प्रशासन ईमानदारी से काम कर रहा है। सीएम ने कहा कि यह सब जनता के सहयोग का नतीजा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को प्राकृतिक खेती सम्मेलन में भाग लेने के लिए हिसार जा रहे थे।

### गांव की ओर से लिखित मांग भिजवा दी जाए

गांव की ओर से उनको एक लिखित मांग भिजवा दी जाए। उसके बाद ग्रामीणों की यह मांग पूरी कर दी जाएगी। पूर्व सरपंच रोहतास पहलवान ने बताया कि कई पशु वाहनों की चपेट में आकर मर चुके हैं। जबकि कई बार ग्रामीण भी दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे रूट के वाहन तेज गति से आते हैं। जिस वजह से यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि गांव में सड़क पर ब्रेकर बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार सुबह हिसार जाते समय भैणी महाराजपुर गांव में एक दुकान पर रुके थे। यहां पर ग्रामीणों ने उनको दूध पिलाया और उनके द्वारा प्रदेश में करवाए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के मिलनसार स्वभाव की भी सराहना की। कहा कि इस तरह सड़क पर कहीं पर भी मुख्यमंत्री आम जनता से मिलते हैं, यह बहुत ही बड़ी बात है। कहा कि छोटी सा ओहदा मिलते ही लोग अहंकार में डूब जाते हैं।

## बालियाना में हुए संजय हत्याकांड में सुनवाई

# सबूत के अभाव में पूर्व सरपंच सहित 10 आरोपित बरी

## 9 साल पहले हुई थी संजय की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह की अदालत में बालियाना में हुए बहुचर्चित संजय हत्याकांड में सुनवाई हुई। आरोपित पक्ष की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा और दलबीर सिंह ने पैरवी की। अदालत ने सबूत के अभाव में 10 आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया। बरी होने वालों में पूर्व सरपंच राजेश, सुमित, राजा, योगानंद, सोहनवीर, मुकेश, ललित नवीन, मनीष और परमिंदर शामिल है। जबकि दो आरोपियों की मौत हो चुकी है।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक 4 मई 2016 में गांव बालियाना में बस अड्डे के पास बैठे हुए संजय पर कार में आए हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। गोलियां लगने से संजय की मौत हो गई थी जबकि उसके आसपास मौजूद अन्य लोगों ने भाग कर जान बचाई थी। वारदात को अंजाम देकर शूटर फरार हो गए थे। पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्लांट के विवाद के कारण संजय की हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में गांव के पूर्व सरपंच राजेश सहित 12 लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। मामले में जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। जो जमानत पर बाहर आए हुए थे। दोनों पक्षों की तरफ से इस मामले में तथ्य पेश किए गए। अदालत ने तथ्यों को सही नहीं माना और सबूत के भाव में सभी आरोपियों को बरी करने के आदेश जारी किए।



### कोर्ट ने तथ्यों को सही नहीं माना

मई 2016 में गांव बालियाना में संजय की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पूर्व सरपंच राजेश सहित दर्जनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। अदालत ने पेश किए गए तथ्यों को सही नहीं माना और आज 10 आरोपियों को बरी करने के आदेश जारी किए। -सुरेंद्र वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता, रोहतक



### राहुल डागर का तेलुगु टाइटंस में चयन पर एडीसी ने किया सम्मानित

**रोहतक।** रोहतक के युवा राहुल डागर का चयन प्रो कबड्डी लीग की तेलुगु टाइटंस के लिए हुआ है। राहुल डागर के पिता जयभगवान डागर रोहतक के एसडीएम कार्यालय में सेवारत है। कबड्डी टीम में चयन होने पर एसडीएम कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित करके खिलाड़ी राहुल डागर का स्वागत किया गया। एसडीम आशीष कुमार ने कहा कि हम सब के लिए यह गौरव व खुशी की बात है कि रोहतक के बेटे राहुल डागर का चयन प्रो कबड्डी लीग में हुआ है, जो की एक बड़ी सफलता है। राहुल डागर की सफलता के लिए एसडीएम ने उनके अभिभावकों व कोच दिनेश खरब को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अभिभावकों की तपस्या, खिलाड़ी की मेहनत तथा कोच के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि राहुल डागर ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि वे भी खेलों में आगे बढ़े जी। तेलुगु टाइटंस हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित एक पेशेवर कबड्डी टीम है।

### बलियाना मोड़ पर शराब ठेके पर हुए ट्रिपल मर्डर केस में आरोपी गिरफ्तार

- 20 सितंबर 2024 को बलियाणा मोड़ के पास स्थित शराब ठेके पर गोली चली थी

**रोहतक।** पुलिस ने रोहतक सोनीपत रोड बलियाना मोड पर स्थित शराब ठेके पर हुए ट्रिपल मर्डल की वारदात में आरोपी को गिरफ़्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 20 सितंबर 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि रोहतक सोनीपत रोड पर बलियाणा मोड़ के पास स्थित शराब ठेके पर गोली चली है। गोली लगने से घायल हुए पांच युवकों को ईलाज के पीजीआईएमएस भर्ती करवाया गया। पुलिस टीम ने तुंरत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। डॉक्टरों की टीम द्वारा तीन युवकों को मृत घोषित किया गया। मृत युवकों की पहचान जयदीप निवासी बोहर, विनय निवासी बोहर व ठेकेदार अमित निवासी बोहर के रुप में हुई। सेल्समैन अनुज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि अमित उर्फ मोनू ने रोहतक सोनीपत रोड पर बलियाणा मोड़ के पास शराब का ठेका लिया हुआ है। अनुज, अमित उर्फ मोनू के शराब के ठेके पर करीब 5 साल से सेल्समैन का काम करता है। 19 सितंबर 2024 को रात करीब 9:30 बजे अनुज अपनी सैल्समैन की सीट पर बैठा हुआ था। ठेकेदार अमित उर्फ मोनू, जयदीप, मनोज निवासी आर्य नगर, दीपक निवासी श्रीनगर कॉलोनी रोहतक ठेके के अंदर पीछे बैठकर शराब को सेवन कर रहे थे।

## नवंबर 2022 में 2561 उम्मीदवारों ने लड़ा था आम चुनाव

# पंच-सरपंच व पंचायत समिति उम्मीदवार भी नहीं बता रहे अपने खर्च की माया, जिप की 2 सदस्य घोषित हैं अयोग्य

- ढाई साल से जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)कार्यालय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को दे रहा है निर्देश, अफसरों की जारी है हीलाहवाली

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

चुनाव खर्च की जानकारी न देने पर डीसी ने पिछले दिनों जिला परिषद की सदस्य दीपिका और सीमा को अयोग्य घोषित कर दिया था। अब ये दोनों पद बचाने के लिए अफसरों के यहां चक्कर लगा रही हैं। बावजूद इसके नवंबर 2022 में हुए पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव में पंच-सरपंच और पंचायत समिति के प्रत्याशी डीसी को अपने खर्च का ब्यौरा नहीं दे रहे हैं। डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद से लगातार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी(बीडीपीओ) कार्यालयों को पत्र भेजकर उम्मीदवारों के खर्चा रजिस्टर जमा करवाने के निर्देश दे रहा है। लेकिन बीडीपीओ के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। अगर बीडीपीओ कार्यालयों द्वारा लापरवाही ऐसे की जाती रही तो किसी दिन डीसी की तरफ से पंच-सरपंच और पंचायत समिति का चुनाव लड़ने वालों की भी जारी की जा सकती है। ध्यान रहे कि जिला परिषद उम्मीदवारों की लिस्ट पिछले दिनों इश्यू की गई थी। इस लिस्ट में दीपिका और सीमा के नाम भी थे।

### 2561 ने लड़ा था चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक नवंबर 2022 में जिले में 1296 पंच ने, 834 सरपंच ने, पांच पंचायत समितियों के लिए में 431 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। जिला परिषद के लिए 105 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। जिप के 105 में से 51 ने प्रत्याशियों ने चुनाव खर्च की जानकारी नहीं दी। सूत्र बताते हैं कि पंच,सरपंच और पंचायत समिति का चुनाव लड़ने वाले 2561 उम्मीदवारों में से अधिकांश चुनाव खर्च का रजिस्टर बीडीपीओ कार्यालय में जमा नहीं करवाया है। अगर ये उम्मीदवार खर्च की जानकारी बीडीपीओ को दे देते तो रिकॉर्ड डीसी ऑफिस तक पहुंच जाता।

### 30 दिन में देनी होती है जानकारी

उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार के दौरान कितनी पैसा खर्च किया है, इसकी जानकारी 30 दिन के अंदर राज्य निर्वाचन आयोग को देनी होती है। हालांकि चुनाव प्रक्रिया में खर्च का डाटा एकत्रित करने के लिए अलग से नोडल अफसर नियुक्त होता है।ताकि साथ-साथ खर्चा विवरण से इलेक्शन कमीशन अपडेट होता रहे। इलेक्शन प्रक्रिया के बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय की ये जिम्मेदारी होती है कि वह उम्मीदवारों का खर्चा रजिस्टर उनसे ले और जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के ऑफिस में जमा करवाए।

### निर्वाचितों को होगी परेशानी

खर्च की जानकारी नहीं दिए जाने की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत चुने हुए प्रतिनिधियों को होगी। अगर डीसी उनके पांच साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा देता है तो वे जिस पद पर इस समय काम कर रहे हैं ,उसके लिए अयोग्य घोषित हो जाएंगे। ऐसे में इनकी कुर्सी पर किंतु-परंतु लग जाएंगे। अयोग्य घोषित होते ही जिला परिषद की सदस्यों की तरह पद सुरक्षित रहे, इसके लिए भागदौड़ करनी पड़ेगी। जो उम्मीदवार चुनाव हार गए थे, उन पर कानूनी कार्रवाई का कोई लंबा-चौड़ा फर्क नहीं पड़ेगा। ज्यादा से ज्यादा 2027 का आम चुनाव ही नहीं लड़ पाएंगे। इसके बाद होने वाले इलेक्शन में फिर से उम्मीदवार बन सकते हैं। सबसे अधिक परेशानी तो चुने हुए व्यक्तियों को निकट भविष्य में हो सकती है। ऐसी हीलाहवाली जारी रही तो बीडीपीओ चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए सिरदर्द बनेंगे।

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 1.5 लाख तक कैशलेस सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना के तहत अब जिला में सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को निःशुल्क और कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य घायल व्यक्ति को तुरंत जीवन रक्षक उपचार देकर मृत्युदर को कम करता है। यह जानकारी उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति को अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक शुरुआती 7 दिन तक कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। इस योजना का लाभ नागरिकता, पहचान, बीमा अथवा सामाजिक स्थिति के भेदभाव के बिना हर नागरिक को मिलेगा। यह सेवा पूरे भारत देश के चिन्हित निजी एवं शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही 112 एंबुलेंस सेवा या निकटतम पुलिस थाने को सूचित किया जा सकता है, ताकि समय रहते उपचार सुनिश्चित किया जा सके।




### घायलों को बिना देरी के नजदीकी अधिकृत अस्पताल में पहुंचाएं: सिविल सर्जन



सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने सभी नागरिकों का आह्वान किया है कि सड़क दुर्घटना के मामलों में घायलों को बिना देरी के नजदीकी अधिकृत अस्पताल में पहुंचाएं। इस योजना का उद्देश्य सिर्फ इलाज देना नहीं बल्कि जीवन बचाना है। यह योजना मानवता और जीवन रक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। नागरिक इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं और सड़क हादसे के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं ताकि सड़क हादसों में कोई जनहानि न हो। जिला में सूचीबद्ध अस्पतालों के अलावा जिला के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दुर्घटना के पीड़ितों के लिए प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध है।



## समाधान शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

# जारी किए जाएंगे कारण बताओ नोटिसः एडीसी

■ प्रत्येक शुक्रवार को समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों के साथ-साथ निपटारे की समीक्षा की जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




**रोहतक।** समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे तथा उनकी कॉपी मुख्यमंत्री कार्यालय को भिजवाई जाएगी। साथ ही संबंधित अधिकारी समाधान शिविर में सोमवार, वीरवार तथा समीक्षा के लिए शुक्रवार को बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

यह बात शुक्रवार को समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि जिले में समाधान शिविरों में प्राप्त 6429 शिकायतों में से 5560 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है, जबकि 139 शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है तथा 243 शिकायतें रद्द की गई है। नरेंद्र कुमार समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिले में समाधान शिविरों की शिकायतों का यथासंभव निपटारा किया जा रहा है तथा लंबित शिकायतों की संख्या कम है।

नरेंद्र कुमार ने कहा कि हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों के साथ-साथ शिकायतों के निपटारे की समीक्षा भी की जा रही है। प्रकोष्ठ द्वारा शिकायतकर्ताओं द्वारा बातचीत कर पता लगाया जाता है कि वास्तव में शिकायतकर्ता की संतुष्टि के हिसाब से शिकायत का निपटारा किया गया है या नहीं। नागरिकों की हर शिकायत के समाधान के उद्देश्य से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय व उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

### ये रहे मौजूद

समीक्षा बैठक में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित अधिकारी मौजूद रहे।



## भारत विकास परिषद ने मानसरोवर पार्क में चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

**रोहतक।** पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद द्वारा एक जागरूकता व सफाई अभियान का कैंप मानसरोवर पार्क में लगाया गया। भाविप के क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक पर्यावरण अशोक गुप्ता एवं प्रांतीय गतिविधि संयोजक पर्यावरण विनीत अग्घी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक ने बताया कि मानव जाति का भूतकाल, वर्तमान और उसकी भावी पीडियों का अस्तित्व और भविष्य, संतुलित और चैतंय पर्यावरण पर ही निर्भर करता है। दुनिया के कुल प्लास्टिक कचरे का पांचवा हिस्सा अकेले भारत में उत्पन्न होता है। दुनिया को बदलना है तो शुरुआत हमें खुद से करनी होगी। जिला समन्वयक सुनील जैन जिला सह समन्वयक मनोज बहल, प्रांतीय गतिविधि संयोजक संपर्क विक्रांत शर्मा, शाखा अध्यक्ष रमन गुप्ता, सेक्टर शाखा अध्यक्ष रमेश अहलावत, मानसरोवर शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र अरोड़ा, रतन शाखा अध्यक्ष विजय गुप्ता, भगत सिंह शाखा अध्यक्ष विकास कंसल, युवा शाखा अध्यक्ष अमित मित्तल, जय हिंद शाखा अध्यक्ष राहुल जैन आदि मौजूद रहे।

## पीजीआई कर्मियों को न्याय का इंतजार मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी नहीं

■ कर्मचारी आज एसपी से मिलकर गुहार लगाएंगे

**रोहतक।** पीजीआईएमएस में हड़ताल में शामिल नहीं होने पर जिन कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी, उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला है। मारपीट करने वालों के खिलाफ केस भी दर्ज है, लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इससे कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। गिरफ्तारी नहीं होने से गुस्साए कर्मचारी शनिवार को एसपी से मिलकर गुहार लगाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि हड़ताल की आड़ लेकर मारपीट करने वालों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। दूसरी ओर इन कमर्चारियों ने हड़ताल के विरोध में नारेबाजी की और हड़ताल को गैरकानूनी बताते हुए इसे संस्थान के लिए खतरा बताया। बेयरर आशा, सुरेंद्र आदि का कहना है कि हड़ताल में बाहर के लोग शामिल हैं, जिससे संस्थान और मरीजों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। पीजीआई के चिकित्सा अधीक्षक ने खुद एसपी को पत्र लिखकर इस बात की पुष्टि की है। हमारी मांग है कि ऐसे लोगों को यहां से हटाया जाए और मारपीट करने वालों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

**यह है मामला:** पीजीआई में कुछ कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। जिस दिन हड़ताल शुरू की उस दिन कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल करने के लिए कहा गया, लेकिन इन कुछ कर्मचारियों को छोड़कर सभी हड़ताल के खिलाफ थे और शामिल होने से मना कर दिया। हड़ताल में शामिल नहीं होने पर कुछ कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। जिसमें 2 महिला बेयरर घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। बाद में पुलिस ने केस भी दर्ज किया। मारपीट में घायल होने वाली आशा और मंजू ने बताया कि पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

## शिक्षा को ज्ञान के पारंपरिक प्रसारण से आगे बढ़कार परिवर्तनकारी शक्ति बनाएं

■ महर्षि दयानंद विवि में दो-सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा केवल संस्थागत व्यवस्थाएं नहीं हैं, वे जीवित वास्तविकताएं हैं, जो जब समानता, सहानुभूति और सम्मान में टिकी होती हैं, तो समाज को बदलने की शक्ति रखती हैं।

ये बात प्रो. मनमीत कौर, सामाजिक विज्ञान और सामुदायिक चिकित्सा की पूर्व प्रोफेसर, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने कही। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के तहत संकाय विकास केंद्र (एफडीसी) द्वारा आयोजित सामाजिक समस्याओं को संबोधित करने के लिए शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करना पर चल रहे दो-सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स के तीसरे दिन प्रो. कौर ने अपने व्यावहारिक सत्रों में आलोचनात्मक शिक्षाशास्त्र, सामाजिक न्याय और सम्मानजनक मातृत्व देखभाल के प्रतिच्छेदन पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा को ज्ञान के पारंपरिक प्रसारण से आगे बढ़कर एक परिवर्तनकारी शक्ति बनना चाहिए। शिक्षार्थियों को सत्ता संरचनाओं पर सवाल उठाने, आलोचनात्मक रूप से सोचने और रचनात्मक रूप से कार्य करने के लिए सशक्त बनाना चाहिए। स्टेम और साहित्य से लेकर शारीरिक शिक्षा और कला तक के विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला से उदाहरण लेते हुए उन्होंने दिखाया कि कैसे समावेशी, संवादात्मक शिक्षा शास्त्र एक अधिक न्यायपूर्ण और चिंतनशील समाज के निर्माण में मदद कर सकता है। इस अवसर पर एफडीसी-एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. मुनीश गर्ग, डॉ. उपासना दहिया (टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत), डॉ. कपिल मल्होत्रा (वाणिज्य विभाग, एमडीयू रोहतक) आदि मौजूद रहे।



## धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी विकृतियां सामाजिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

**रोहतक।** हमें राष्ट्र की चुनौतियों का समाधान करना है। सजग समाज ही देश के भीतर पनप रही चुनौतियों का समाधान कर सकता है। ये विचार आर्य वीर दल के तत्वाधान आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक प्रशिक्षण के दौरान ओमप्रकाश आर्य ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण, लव जिहाद, वामपंथ और नास्तिकता जैसी विकृतियां सामाजिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों की जानकारी रखनी चाहिए और उनका पालन करना चाहिए। जिला संचालक सतीश आर्य ने बताया कि शिविर का समापन 8 जून को होगा।

## पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया



**रोहतक।** छोटू राम खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया और लोगों से पौधरोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल करने की भी अपील की। इस अवसर पर कोच सोमबीर, अक्षय, परिक्षित, एडवोकेट प्रदीप, सुनील जागलान, नरेंद्र बल्हारा आदि मौजूद रहे।

## स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ में शिविर का आगाज

# मां बच्चे का पहला गुरुः स्वामी आर्यवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटौली में राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण योग शिविर का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर ध्वजारोहण और उद्घघाटन समाजसेवी एवं उद्योगपति जगमोहन मित्तल ने किया व अध्यक्षता सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने की। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि शिक्षित एवं संस्कारित नारी ही मानव का निर्माण कर सकती है।

मां बच्चे का पहला गुरु होती है। यदि गुरु ही संस्कारित नहीं होंगे तो बच्चों में संस्कार कैसे पैदा होंगे। इसलिए सरकार तथा समाज को नारी के शिक्षा एवं संस्कार देने पर ताकत लगानी चाहिए। उन्होंने जीवन में संस्कार, चरित्र, ईमानदारी, नैतिकता, राष्ट्रभक्ति ईश्वर भक्ति को जीवन में अपनाने का संकल्प पांच सौ बहनों को संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि जगमोहन मित्तल ने कहा कि आप सबसे पहले जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें। उसके बाद उसे प्राप्त करने की सकारात्मक जिद जरूरी है, ताकि व्यक्ति पूरी ताकत मेहनत के साथ आगे बड़ सके। ऐसा करने पर सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। विशिष्ट अतिथि सुरेश सिंघल ने कहा कि मानसिक ताकत शारीरिक ताकत से ज्यादा शक्तिशाली होती है, जिसका प्रशिक्षण इस शिविर में दिया जाता है। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम आर्या के सानिध्य में चलने वाले शिविर में योगासन, प्राणायाम के अतिरिक्त स्वयं सुरक्षा के लिए जूडो कराटे, कमांडो लाठी का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षिकाओं द्वारा दिया जाएगा। पूनम आर्या ने कहा कि बेटियों को स्वयं सुरक्षा तथा स्वाभिमान से जीने की कला अब सीखनी होगी। प्रवेश आर्या ने कहा कि आज बहनों का शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में शानदार सफलता का प्रदर्शन यह बात भी साबित करता है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। आज बहनों को अधिकार मिलने लगे हैं, परंतु अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों को बखूबी समझना चाहिए, ताकि अपने मर्यादित जीवन को दूसरों के सामने एक आदर्श जीवन के रूप में रख सकें।

**ये रहे मौजूद :** सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश, पूर्व डीएसपी अर्जुन सिंह, परिषद के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुमार, डॉक्टर बीवी वेंकटेश्वर, आयुष मंत्रालय दिल्ली, सोनिया आर्या, डॉक्टर रणबीर खासा, उप प्रधान अजय पाल आर्य, सुनीता आर्या, सुषमा आर्या, पूजा आर्या आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

बम्पर इनामी योजना-2025

नाम.................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.................................
पता.................................तहसील ..................पिन..................
जिला .................. फोन नं. .................. एजेंट का नाम ..................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

नियम व शर्तें **हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025** - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ⏭ **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ⏭ योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ⏭ **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ⏭ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। ⏭ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ⏭ हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ⏭ यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ⏭ वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ⏭ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ⏭ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ⏭ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ⏭ हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ⏭ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ⏭ प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ⏭ पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ⏭ किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ⏭ अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ⏭ ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ⏭ विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ⏭ प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ⏭ सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

हरिभूमि कार्यालय , नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
फोन : 9253681019-20, 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### जीएनएम द्वितीय वर्ष में योगिता कॉलेज में प्रथम



**रोहतक।** एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बालंद का शुक्रवार को जीएनएम द्वितीय वर्ष का रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें कॉलेज की छात्रा योगिता ने युनिवर्सिटी लेवल पर तृतीय स्थान व जिला स्तर व कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। कॉलेज के डॉयरेक्टर श्रीपाल बड़क ने छात्रा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रा की सफलता शिक्षकों और शिक्षण विधियों का परिणाम है। शिक्षकों ने योगिता के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### निर्जला एकादशी पर लगाई दूध व ठंडे पानी की छबील

**महम।** भारत विकास परिषद महम शाखा द्वारा निर्जला एकादशी पर दूध व ठंडाई की छबील का आयोजन किया गया। छबील मे सभी शाखा सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया और राहगीरों को दूध के साथ ठंडा पानी पिलाया। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सभी गिलास को सुचारु रुप से डिस्पोज किया गया। बॉबी गोयल ने बताया कि 250 किलोग्राम दूध से ठंडाई बनाई गई। इस मौके पर पूर्व प्रधान विजय मित्तल, भाविप शाखा अध्यक्ष बजरंग गोयल, सचिव अतुल गर्ग, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोयल, दिनेश गुप्ता, सुदेश शारदा, विजय रोहिल्ला, राम अवतार बंसल, सतीश गोयल, महिला संयोजिका डॉ ज्योति सैनी, सीमा शारदा, विकास गोयल आदि रहे।

### योग को बनाएं अपने जीवन का हिस्सा : शर्मा

**रोहतक।** शुक्रवार को गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में योगाभ्यास किया गया। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य व पदेन सचिव डॉ जयपाल शर्मा ने योग को आधुनिक जीवन की आवश्यकता बताते हुए महाविद्यालय के छात्रों को योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शर्मा ने युवाओं को योग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करता है। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने छात्रों को योगा को अभ्यास करवाया। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सीमा शर्मा ने किया।

# नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया, सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीमों को पूर्व में ही सख्त निर्देश दिए जा चुके थे कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। आयुक्त के आदेश पर शुक्रवार को नगर निगम की टीमों ने शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान झज्जर रोड, अग्रसेन चौक, शांत माई, छोटूराम चौक, अम्बेडकर चौक, सोनीपत रोड, शीला बाइपास चौक, दिल्ली रोड, सुभाष रोड, गोहाना रोड और दयानंद मठ जैसे क्षेत्रों से अवैध रूप से रखे गए टंकियां, बोर्ड, तख्त, तिरपाल, कुर्सियां, मेज आदि जब्त किए गए। आयुक्त डॉ. शर्मा ने बताया कि दुकानदार प्राय अपनी दुकानों से बाहर तक सामान फैला लेते हैं, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम की टीमें प्रतिदिन ऐसे अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के लिए मुस्तैद रहेंगी। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाने के साथ-साथ सामान जब्ती की कार्रवाई भी नियमित रूप से की जाएगी। आयुक्त डॉ. शर्मा ने बताया कि शहर को स्वच्छ रखने के अभियान के तहत नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का कार्य भी निरंतर जारी है। सुनारियां चौक, सुनारियां चौक से भिवानी चुंगी तक, गांव बोहर और डूंगी गोहरी के नालों की सफाई करवाई गई। नगर निगम की सफाई शाखा ने भी सख्ती दिखाते हुए सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की और कुल 6 चालान काटे गए जिनमें 1700 का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त डेयरी संचालकों को चेतावनी दी गई है कि यदि कोई नाले या सीवर में गोबर बहाता पाया गया तो उसके विरुद्ध भी चालान किया जाएगा। नगर निगम का यह अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा ताकि शहर को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाया जा सके।






रोहतक। शहर से अवैध अतिक्रमण हटाते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। सफाई करते नगर निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस महानिरीक्षक ने पौधे रोपकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

# पुलिस लाइन में एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के अंतर्गत एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण पुलिस लाइन में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक रोहतक रेंज रोहतक वाइन पूरन कुमार रहे। उन्होंने बताया कि योग से शारीरिक एवं मानसिक लाभ प्राप्त होता है जो कि पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होता है। योग करने से सभी व्यक्ति स्वस्थ रहेंगे। योग अस्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है और मानसिक तनाव को दूर करता है। योगआसन शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने में मदद करता हैं। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि योग को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए और स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व में हर बार की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वस्थ तथा योग युक्त और नशा मुक्ति थीम के अंतर्गत धूमधाम से मनाया जाएगा एवं हम सभी को योग को जीवन का एक अहम हिस्सा बना देना चाहिए। पुलिस लाइन में योगा का अभ्यास डॉ. पूजा (योगा स्पेशलिस्ट), सोनिया (योगा प्रशिक्षक), पूजा (योगा प्रशिक्षक), मोहित (योगा प्रशिक्षक) व सत्यवान (योगा सहायक) के द्वारा करवाया गया। इस मौके पर योग प्रशिक्षण में पुलिस महानिरीक्षक रोहतक रेंज रोहतक वाई पूरन कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर, उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक संदीप आदि रहे।



**रोहतक।** पुलिस लाइन में योगा का अभ्यास करते पुलिस महानिरीक्षक रोहतक रेंज रोहतक वाई पूरन कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर व अन्य जवान। फोटो : हरिभूमि

### योगा में पुलिस अधिकारियों-जवानों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में करीब एक हजार पुलिस अधिकारियों-जवानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक रोहतक रेंज रोहतक वाईन पूरन कुमार ने पुलिस लाईन परिसर में पौधरोपण किया गया। उन्होंने कहा कि हम सब कि जिम्मेवारी बनती है कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को प्रदुषण मुक्त बनाएं।

### कलानौर ब्लॉक के परिणाम

लड़कियों में आयु वर्ग 10 से 14 में ऋषिका प्रथम, कीर्ति द्वितीय और भावना तृतीय, लड़कों में रमन प्रथम, लविश द्वितीय, संजीत तृतीय और आयु वर्ग 14 से 18 लड़कों में दौलत प्रथम, सारांश द्वितीय, लड़कियों में आयु वर्ग 28 से 40 में सतवंती ( डोभ ) प्रथम, पुरुषों में 40 से 60 में रमेश प्रथम, 60 से ऊपर में पुरुषों में सूरजभान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम पर जिले के सभी पांचों खंडों में योगासन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### योग में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम पर जिले के सभी पांचों खंडों में योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ढुल ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि रोहतक ब्लॉक में सर छोटू राम स्टेडियम आयोजित प्रतियोगिता के के दौरान आयु वर्ग 10 से 14 में लड़कियों में निशा प्रथम, परिशा व श्रुति द्वितीय और चेतना तृतीय, लड़कों में मानव प्रथम, अभिनव द्वितीय, मनित तृतीय, आयु वर्ग 14 से 18 लड़कियों में सांची प्रथम, सुहाना द्वितीय, प्रीति और शिखा तृतीय, लड़कों में कुणाल प्रथम, दीपांशु द्वितीय, संजीव तृतीय, आयु वर्ग 18 से 28 लड़कियों में कॉफी प्रथम, हिमांशी द्वितीय और संगीता तृतीया व लड़कों में बसंत प्रथम, तेजस द्वितीय और लड़कियों में आयु वर्ग 28 से 40 में नविता प्रथम, सुमन श्योकंद द्वितीय और ज्योति ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी खंडों के खंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी रविवार को जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में सभी पांच आयु वर्गों (आयु 10 से 14, 14 से 18, 18 से 28, 28 से 40 और 40 से 60 वर्ष और 60 से ऊपर) में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ढुल, योग एक्सपर्ट डॉक्टर जनक राज, मनीष फुटबाल कोच, विशाल वालीबाल कोच, अजय जूडो कोच, वीरेंद्र सैनी जिम्नास्टिक कोच, ओमपाल डीपीई, योग इंस्ट्रक्टर मोहित, पूजा और निकेश आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रोहतक।** बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बच्चों ने त्रिवेणी (पीपल बरगद और नीम) के पौधे लगाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या नोमिता बत्रा ने छात्रों को त्रिवेणी के पौधों का महत्व बताया और कहा कि इन पौधों से छाया तो मिलती ही है साथ में पर्यावरण के सुधार में भी काफी मदद मिलती है। प्रधानाचार्या नोमिता बत्रा ने छात्रों को अपने घर के आंगन व खेत में भी त्रिवेणी के पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षिका ज्योति, पिंकी, पूजा, वेदप्रभा आदि रहे।



### सांगवान स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सांगवान इंटरनेशनल विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल समन्वयक प्रमिला सांगवान, मीनू हुड्डा, सपना परमार, अनुराग दांगी, प्राइमरी कोऑर्डिनेटर मोनिका, प्री प्राइमरी कोऑर्डिनेटर मोनिका ढल एवं मॉडर्न विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भी भाग लिया। ये ट्रेनिंग सत्र सीबीएसई के इन-हाउस टैनिंग के 25 घंटे का एक हिस्सा था। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने कहा कि इस तरह के सत्र से अध्यापकों का कौशल निखरता है। ऋतु ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में कहानी द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता, लेखन कौशल, वाचन कौशल, प्रेरणा, चुनौती के माध्यम से छात्रों को मजेदार तरीके से प्रेरित करके शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान ने बताया कि इस तरह कहानी लेखन से शिक्षा को रोचक बनाया जा सकता है।



### योग सबके लिए है जरूरी : डॉ महाश्वेता

**रोहतक।** आज गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय रोहतक में योग क्लब के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ महाश्वेता ने विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाते हुए कहा कि योग हमारे जीवन को सही राह दिखाता है।क्योंकि योग से तन,मन एवं आत्मा की शुद्धि होती है। अतः जिस व्यक्ति का तन स्वस्थ होगा,उसके मन में सकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे जो आगे चलकर जीवन का पथ प्रदर्शन करते हैं। योग क्लब की अध्यक्षा डॉ गीता रानी ने बताया कि यह आयोजन गयारहवें अंतरास्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है जिसका इस बार का विषय /"एक धरती,एक स्वास्थ्य के लिए योग/" है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में निरंतर अंतराल पर योग से संबंधित कार्यक्रम करवाए जाते हैं एवं विद्यार्थियों को योग क्रियाओं का अभ्यास भी करवाया जाता है। आज का आयोजन आयुष विभाग हरियाणा के दिशानिर्देश पर करवाया गया।




### आस्पेक्ट्स इन लाइफ पर कार्यशाला संपन्न

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा एकेडमिया इंडस्ट्री कांग्लोमरेट ऑन इंटरडिसिप्लिनरी आस्पेक्ट्स इन लाइफ साइंसेज विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो गई। एमडीयू के डॉ. राधा कृष्णन फाउंडेश द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला में बायो-रेड लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, भारत के विशेषज्ञों द्वारा रियल-टाइम पीसीआर और वेस्टर्न ब्लॉटिंग पर शोधार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. पूजा सुनेजा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को उन्नत आणविक जीव विज्ञान तकनीकों में व्यावहारिक कौशल से लैस करना रहा। बायो-रेड विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यान बहुत ही संवादात्मक और जानकारी पूर्ण रहे, जिसमें क्यूपीसीआर और वेस्टर्न ब्लॉटिंग के काम करने और अनुप्रयोगों के सभी पहलुओं को शामिल किया गया।

# सरकार ने पेंशनर की मांगे नहीं मानी तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की मासिक बैठक वीरवार को मान सरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में हुई। बैठक की अध्यक्षता देवी सिंह देशवाल व जिला प्रधान दयानन्द यादव ने सयुंक्त रूप से की। बैठक में राज्य कार्यकारिणी की और से कोषाध्यक्ष तुहि राम शर्मा, उप प्रधान धर्मकौर मलिक, रोशनी हुड्डा एवं लीगल एडवाइजर महेन्दर सिंह व मेहर सिंह नैन उपस्तिथ रहे। बैठक का संचालन शमशेर सिवाच व रौशनी हुड्डा ने किया।

प्रधान दयानंद यादव ने संगठन को मजबूत करने व अपनी मांगो पर विस्तृत चर्चा की और कहा की सरकार पेंशनर की मांगो पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रही। सरकार को पेंशनर की मांगो को जल्दी पूरा करना चाहिए जबकि यह मांगे नहीं है बल्कि पेंशनर का हक़ है। अगर सरकार ने हमारी मांगो की तरफ धयान नहीं दिया तो पेंशनर समाज को मजबूर होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। यह हमारी सरकार को चेतावनी है। इस दौरान धर्मकौर मलिक, रौशनी हुडा, महेन्दर सिंह,राजबीर हैड मास्टर ,दयानन्द यादव, रामकिशन नेहरा, श्रीपाल, सतीश शर्मा व सूबे सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया व सभी ने संगठन को मजबूत करने की सलाह पर जोर दिया। बैठक में राममेहर सिवाच, बलवान सिंह ढांडा, चंद्र सिंह आर्य, जगदीश फौगाट, छोटू राम टेकना ,रामचंदर शर्मा, राजेंदर सैनी, ईश्वर सिंह मान, आन्नद सवरूप, सूरजमल शर्मा, दयानन्द सैनी, अशोक जुनेजा, एस के गौतम , प्रेम सिंह दुहन, तस्वीर धनखड़, जय प्रकाश सिवाच आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## मार्केट न्यूज

### गोवा जैसी फीलिंग स्पलैश वाटर पार्क रोहतक



**रोहतक।** जींद बाईपास रोड, नजदीक सुखपुरा चौक स्थित स्पलैश वाटर पार्क रोहतक एक लोकप्रिय मनोरंजन स्थल है। प्रबंधक सुरेश कुमार पाण्डेय ने बताया यह स्थान रोहतक का सबसे अच्छा जलपार्क माना जाता है। यहां पर आप विभिन्न प्रकार की जल गतिविधियों व खेलों का आनन्द ले सकते हैं। जहां पर एसी हॉल, झूले, रैन डांस, मैट स्लाइड,किड्स पुल, ड्रैगन डीजे, सभी साइज के कॉस्ट्यूम, लॉकर, नींबू पानी ये सभी सुविधाएं एंट्री टिकट के साथ उपलब्ध हैं। सही मायने में कुछ समय के लिए बच्चों एवं बड़ों को शारीरिक कसरत के साथ-साथ मोबाइल से छुटकारा पाने का भी उत्तम स्थान हैं। यहां पर पहुंच कर गोवा जैसी फीलिंग का लुप्त उठाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्पलैश वाटर पार्क की ओर से छुट्टियों के समय में सोमवार से शुक्रवार विशेष स्कीम का लाभ भी दिया जा रहा है।

## कार्यक्रम का नेतृत्व जूलॉजी विभागाध्यक्ष ने किया

# बीएमयू में विज्ञान समाज के लिए वरदान या अभिशाप विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के लाइफ साइंस विभाग द्वारा विज्ञान समाज के लिए वरदान या अभिशाप विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विषय पर विचार-विमर्श करते हुए यह जानने का प्रयास किया गया कि आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कार समाज के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं या अभिशाप बनते जा रहे हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व जूलॉजी विभाग अध्यक्ष एवं लाइफ साइंस क्लब प्रभारी डॉ. विकास भारद्वाज द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान ने जहां मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने अनेक सामाजिक और मानसिक समस्याओं को भी जन्म दिया है। विशेषकर डिजिटल तकनीक के अत्यधिक प्रयोग ने युवाओं को एक निष्क्रिय मानसिकता की ओर अग्रसर कर दिया है, जिसके दुष्परिणाम के रूप में अपराधों में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। छात्रों ने अपने विचार वाद-विवाद, पोस्टर प्रदर्शन एवं रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से प्रस्तुत किए। जिसमें यह सामने आया कि विज्ञान अपने आप में न तो अच्छा है न बुरा, यह इसके प्रयोग पर निर्भर करता है कि वह समाज के लिए वरदान बनेगा या अभिशाप। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के लाइफ साइंस विभाग द्वारा विज्ञान समाज के लिए वरदान या अभिशाप विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. रवि कुमार राणा एवं डॉ. प्रवीण कुमार भट्ट बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने विज्ञान के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को विचारशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विकास भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को समसामयिक मुद्दों पर सोचने की दिशा देते हैं और उन्हें एक जिम्मेदार समाज निर्माण की ओर प्रेरित करते हैं।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते डॉ. विकास भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। संकट मोचन मंदिर में निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाते साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

### निर्जला एकादशी पर व्रत रखने से मिलता बड़ा पुण्य : मानेश्वरी देवी

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में शुक्रवार को ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि अर्थात निर्जला एकादशी पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस अवसर पर सत्संग, कीर्तन व प्रवचन का आयोजन भी किया गया। पंडित अशोक शर्मा ने भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की मंत्रउच्चारण संग पूजा अर्चना करके आरती की और प्रसाद वितरित किया। गद्दीनशीन व ज्योतिषाचार्य साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि निर्जला एकादशी, 'निर्जला' शब्द का मतलब है बिना जल के, यानी इस व्रत में ना खाना खाया जाता है और ना पानी पीया जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन का व्रत रखने से पूरे साल की सभी एकादशियों का फल मिल जाता है। यह दिन भक्ति, आत्मसंयम और तप का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी व्रत का पारण श्रद्धा, भक्ति और विधिनुसार करने से व्रत का संपूर्ण फल प्राप्त होता है और वह व्यक्ति जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति करते हैं। उस पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा सदैव रहती है और मृत्यु उपरांत बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यह व्रत महाभारत के पात्र भीमसेन से संबंधित है। भीमसेन, जो भोजन का बहुत शौकीन था, वह सभी एकादशी व्रत रखना चाहते थे, लेकिन अपनी भूख को नियंत्रित नहीं कर पा रहे थे। तब उन्होंने ऋषि व्यास से सलाह मांगी तो ऋषि ने उन्हें निर्जला एकादशी का पालन करने की सलाह दी, जिसमें उन्हें पूरे दिन उपवास करना था। इस व्रत को करने से भीमसेन ने सभी 24 एकादशियों का फल प्राप्त किया ।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
ROHTAK
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA
JHAJJAR
BAHADURGARH
Summer Sale
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE
UPTO 80% OFF OFF
7 JUNE TO 13 JUNE
*T & C APPLY
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
HURRICANE ENERGY DRINK FREE BUY 1 GET 2
FIR DIET SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
CLEAR WATER FREE BUY 1 GET 2
DEL MONTE 240ML MRP ₹60 FREE BUY 2 GET 1
FRESCA 1LTR FREE BUY 1 GET 3
TENDER COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 2
REAL JUICE 1 LTR BEST PRICE UPTO 25% OFF
Vadilal 20% TO 56% OFF ON MRP
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR @79
HAMDARD ROOHAFZA 750 ML BEST PRICE MRP ₹180 @155
RED BULL BEST PRICE MRP ₹125 @95
PATANJALI ROOHAFZA BEST PRICE MRP ₹140 @99
HITKARI SHARBAT BEST PRICE 20% OFF
YUVAUD SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
DEL MONTE KETCHUP 900G BEST PRICE 40% OFF
TATA TEA PREMIUM 1KG BEST PRICE 1KG ₹580 @365
TREEVEDA SELECTED VARIANTS VERMICELLI, PASTA, MACRONI BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE 1 LTR BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹159
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹190 OUR PRICE ₹155
MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 OUR PRICE ₹495
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹579
Arshirvaad atta 10kg ₹495 OUR PRICE ₹439
RAJDHANI ATTA 10 KG ₹599 OUR PRICE ₹375
Fortune atta 10kg ₹485 OUR PRICE ₹425
DAAWAT ROZANA NIKI 10KG ₹545 OUR PRICE ₹460
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹550 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
BRITANNIA Treat WAFFRS 55GM 50% OFF ON MRP
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹79
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹76
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹87
BADAM 1KG OUR PRICE ₹885
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹350
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
VRINDAWAN MAKHANA ₹400 OUR PRICE ₹325
4KG Arlel Complete Detergent BUY1 GET 1 FREE
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1225
2ltr Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L 25% OFF
9 kg TIDE 9KG LAVENDER ₹799
1ltr WIPRO SAFE WASH 1LTR WITHOUT OFFER BUY1 GET 2 FREE
5 LTR TRISHUL PHENYLE 50% OFF
MRP ₹1030 surf excel easy wash 7 kg ₹685
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR OUR PRICE ₹650
MRP ₹1425 ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD ₹230 OFF
MRP ₹1549 ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD ₹250 OFF
TIDE 6 KG ₹785 TIDE ROSE & JASMINE OUR PRICE ₹685
25% OFF HELIOS PRODUCTS SHOE CARE
GALA SELECTED 20% OFF
Rohtak Model Town Address: Elenta Mart, Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak.
Contact: +91-9350999480
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak.
Contact: +91-8199999480
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA,SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON : elenta_mart elenta mart